नार्थ सेन्ट्रल रेलवे इम्पलाईज संघ

NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : 94/NCRES/19

Date : 29.03.2019

श्रीमान प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, इलाहाबाद

विषय :– झांसी मंडल के कुलपहाड़ स्टेशन पर टिकट बुकिंग के सम्बन्ध में।

महोदय,

झांसी मण्डल में कुलपहाड़ स्टेशन एक माडल स्टेशन के रूप में विकसित किया गया है जहां से भारी संख्या में यात्रियों का अवागमन होता है एवं रेल टिकट की बिक्री होती है व एक बुकिंग कल्र्क की पोस्टिंग भी की गयी है।

यहां अवगत कराना है कि वहां पर कार्यरत बुकिंग कल्र्क को रविवार को रेस्ट दिया जाता है व रविवार को ही रेस्ट गिवर का भी रेस्ट रहता है परिणामस्वरूप प्रत्येक रविवार के दिन कार्यरत स्टेशन मास्टर द्वारा टिकट की बिक्री की जाती है। स्टेशन मास्टर द्वारा अपने परिचालन सम्बन्धी कार्य में व्यवस्तता व साथ ही साथ समय मिलने पर टिकट बिक्री के कारण तमाम रेल यात्रियों को टिकट ही नही मिल पाता व यात्री बिना टिकट यात्रा करने एवं घर वापस लौटने के लिये मजबूर होते है जिससे रेल राजस्व का लगातार नुकसान होता है।

अतः अनुरोध है कि रविवार के दिन कुलपहाड़ा स्टेशन पर टिकट बिक्री हेतु बुकिंग कल्र्क की व्यवस्था करने का कष्ट करे जिससे रेल यात्रियों को अनायास परेशानियों का सामना न करना पड़े व रेलवे राजस्व की हानि को भी बचाया जा सके।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री